The Constitution (Amendment) Bill, 2003
(Insertion of New Article 371J)

SHRI K.B. KRISHNA MURTHY (Karnataka): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI K.B. KRISHNA MURTHY: Sir, I introduce the Bill.

The Constitution (Amendment) Bill, 2003 (To amend Article 202)

SHRI K.B. KRISHNA MURTHY: Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

The question was put and the motion wad adopted.

SHRI K.B. KRISHNA MURTHY: Sir, I introduce the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): Dr. T Subbarami Reddy -not present.

Now, we will take up further discussion on the Constitution (Amendment) Bill, 1999. Shri Mool Chand Meena.

The Constitution (Amendment) Bill, 1999 (Inert**ion of New Article 21 A)-contd.**

श्री मूल चन्द मीणा (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष महोदय, कंस्टीट्यूशन अमेंडमेंट बिल, 1999 जो श्री संतोष बागडोदिया जी द्वारा प्रस्तुत किया गया है, यह एक आवश्यकता है। उपसभाध्यक्ष महोदय, आदमी की एकांतता बहुत आवश्यक है। आज ही नहीं पहले भी आदमी एकांत ही रहना चाहता था। हमारा पौराणिक इतिहास बतलाता है कि वनवास के दौरान रामचंद्र जी भी सीता जी के साथ एकांत वास करते थे। राजा-महाराजा भी अपनी एकांतता सुरक्षित रखते थे। लेकिन आज कुछ ऐसे अधिकारी और कर्मचारी निर्दोष आदमी को भी, यदि वह दोषी है तब तो उसको गिरफ्तार करें, उसका अखबारों में प्रचार करें वहां तक तो ठीक है, लेकिन निर्दोष व्यक्ति को केवल एक आंशिक सूचना और संदेह के ऊपर प्रताड़ित करना और यदि वह व्यक्ति अपने परिवार के साथ अपनी पत्नी के साथ कमरे में है तो संदिग्ध सूचना के आधार पर हम उसकी पत्नी के सामने उस कमरे में घुस जाएं और उस वक्त कमरे में वह किस अवस्था में होगे इस चीज को वे लोग नहीं सोचते है। ऐसी घटनाएं भी कई बार सामने आती है। इसलिए आंशिक सूचना के आधार पर यदि हम किसी आदमी के खिलाफ कार्रवाई करते है तो निष्पक्ष जाचं होती है उसमें संदेह पैदा हो जाता है और निर्णय

होने से पहले ही आदमी दंडित हो जाता है। इसलिए सूचना मिलने पर पहले उसकी जांच की जाए और जाचं होने के बाद यदि कोई दोषी पाया जाए तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते है। तो इस बिल को लाने की आवश्यकता नहीं है। इसलिए आवश्यकता है कि आप जगह-जगह जिनी स्वार्थ के लिए और आप देख लीजिए इस देश के अंदर ही। एक कानून के अंदर लालू प्रसाद जी को गिरफ्तार कर लिया जाता है, मुलायम सिंह जी को छूट दे दी जाती है। आज* के खिलाफ इतना बड़ा काम होने के बाद एक सीबीआई का डायेक्टर, जिनके घर में ऊपर वह रहता हो और उसके नीचे तस्करी का,मादक द्रव्यों का धंधा चलता हो, जो डायेक्टर रहा हो, आज उसको छूट दे दी गयी है, उसको गवाह ही बना लिया गया है।

कृषि और ग्रमीणा उघोग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संघ प्रिय गौतम):वह डायेक्टर नहीं था।

श्री मूलचन्द मीणा : डिप्टी डायरेक्टर की सही। डायरेक्टर नहीं था ...(व्यवघान).. बड़ा अधिकारी था। लेकिन सीबीआई, जिस पर हम विश्वास करते है और उसका कर्मचारी या अधिकारी अपने घर में ये सब धंधे कराए, यह उसको कौन-सा तोहफा दिया जा रहा है कि आप गवाह ही बन जाइए, आप गिरफ्तार मत होइए?....(**व्यवधान**)..

श्री संघ प्रिय गौतम : यह विषय से संबंधित नहीं है। ...(**व्यवधान**)..

श्री मूलचन्द मीणा : सबजेक्ट पर ही आ रहा हूं। बिना सूचना के लालू प्रसाद यादव को तो गिरफ्तार कर लेते है ....(**व्यवधान**)...

श्री संतोष बागडोदिया (राजस्थान): यह अपनी-अपनी समझ की बात है कि कौन सा सबजैक्ट में है और कौन सा नहीं है।

श्री संघ प्रिय गौतम : आपके विषय से संबंधित नहीं है। ....(**व्यवधान**)..

श्री मूलचन्द मीणा : मैं यह कह रहा था कि एक तरफ तो लालू प्रसाद यादव को आप गिरफ्तार कर रहे है-बिना सूचना के,मामूली सी,आंशिक सूचना के आधार पर। न्यायालय उनको छुटकारा दे रहा है, न्यायालय उनको छोड़ रहा है और आप उनको गिरफ्तार करके प्रचार कर रहे हो। दूसरी तरफ जो दोषी आदमी है, उसी की बातों पर विश्वास करते है। जो अपने घर में ऐसा धंधा करता है, उसको आप छोड़ रहे है। इसलिए मेरा कहने का मतलब यह है, संतोष बागडोदिया जी का इस विधेयक को लाने के उद्देश्य यह था कि आदमी को एकांतता को भंग नहीं करना चाहिए और आंशिक सूचना के आधार पर किसी को बेइज्जती नहीं करनी चाहिए। कई बार अखबार में पब्लिश हो जाता है कि इसके घर छापा डाला। लोग सोचते है कि न जाने क्या-क्या मिला होगा? अखबारों

*Expunged as ordered by the Chair.

में जाना ही नहीं चाहिए। यदि वह दोषी है, उसक खिलाफ कुछ निकाला है तब अखबार के प्रचार करें। एक बार आदमी की बदनामी हो जाती है और उस बदनामी को धोने के लिए अखबारों में जब वह जाता है तो अखबार वाले उसकी बात नहीं छापते।

युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री (श्री विक्रम वर्मा):पंजाब में कैप्टन साहब को समझाओं ....

श्री मूलचन्द मीणा: अरविंदर सिंह जो छापे डाल रहे है, उसमें तो निकल रहा है। ... (**व्यवधान**)..उसको बचाने की कोशिश आप कर रहे है। ...(**व्यवधान**)... आपको पता चल जाएगा जब सामने सारा रिजल्ट आ जाएगा। ....(**व्यवधान**)... जब सामने आएगा तो पता लग जाएगा। आप उसको बचाने की कोशिश मत करना। दोषी है तो उसको दंड मिलना चाहिए, यह हम भी चाहते है। ...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य : अगर कोई निर्दोष हो तो उसे दोषी नहीं बनाना चाहिए। ..(**व्यवधान**)...

श्री मूलचन्द मीणा : निर्दोष कोई है ही नहीं। जो छापे डल रहे है, वे निर्दोष नहीं है। आप पता लगाइए, पांच साल में उन्होंने कितना* था। ...(**व्यवधान**)... अरविंदर जी सही आदमी है जो आज यह काम कर रहे है। बल्कि मुझे अफसोस है, इस देश के उप प्रधान मंत्री के ऊपर ...(**व्यवधान**)...

श्री संघ प्रिय गौतम :उपसभाध्यक्ष महोदय, इसे कार्यवाही से निकाल दिया जाना चाहिए। यह अनपार्लियामेंटरी है। The person, against whom he is speaking, is not present.

श्री सुरेन्द्र लाठ (उड़ीसा): कितना था, यह कहना गलत है। ....(**व्यवधान**).. इसमें कोई ओथैंटीसिटी नहीं है।....(**व्यवधान**)..

श्री मूल चन्द मीणा : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं जानना चाहता हूं कि इसमें क्या गलत है? ...(**व्यवधान**)...

श्री संतोष बागडोदिया : इसमें आपको आपत्ति क्या है? इसमें क्यया गलत है?....(**व्यवधान**)...

श्री सुरेन्द्र लाठ :* है, यह कहां से आ गया? ....(**व्यवधान**)...

श्री संतोष बागडोदिया : यह तो आपने उठाया है ....(**व्यवधान**)..

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): If a Member is not present, you cannot comment on him.

श्री मूल चन्द मीणा : मैंने किसी का नाम नहीं लिया। ....(**व्यवधान**).. महोदय, अगर मैंने किसी का नाम लिया है तो आप रिकार्ड से निकाल देना ...(**व्यवधान**)...

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री संतोष बागडोदिया : वे कह रहे है तो आपको गलत लग रहा है, यह क्या बात है? ....(**व्यवधान**)...

श्री मूल चन्द मीणा : संतोष जी, मैंने किसी का नाम तो लिया ही नहीं। ...(**व्यवधान**).. ये कह रहे है कि निकाल दीखिए। ...(**व्यवधान**).. मैंने किसी का नाम नहीं लिया। मैंने कहा कि पांच साल मे जिन लोगों ने * है उनके घर छापा डाला जाए। ....(**व्यवधान**)..

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा (उत्तर प्रदेश): * है, यह कहना गलत है। ...(**व्यवधान**)...

श्री बलबीर के. पुज (उत्तर प्रदेश): पांच वर्ष में जिन्होंने* वह ठीक है। जिन्होंने 40 साल तक उनका भी हिसाब होना चाहिए। ....(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (डा. ए,के. पटेल) : रिकार्ड देखा जाएगा और अगर अनपार्लियामेंटरी होगा तो निकाला जाएगा।

श्री सुरेन्द्र लाठ :अगर यही बात करनी है कि किसने* है ....(**व्यवधान**)... अगर चर्चा करनी है कि किसने कितना* है तो इस पर बहस की ली जाए ...(**व्यवधान**)..

उपसभाध्यक्ष (डा.ए.के. पाटिल): अगर अनपर्लियामेंटरी होगा तो निकाल दिया जाएगा।

श्री मूल चन्द मीणा : जेल जाओगे तो पता लगेगा कितना* है।....(**व्यवधान**)...

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा : महोदय, जो व्यक्ति यहां पर मौजूद नहीं है, उनके खिलाफ आरोप लगाना गलत है, परम्पराओं के विरूद्व है,इसको निकाल देना चाहिए ...(**व्यवधान**)..

श्री मूल चन्द मीणा : मैं*का सपोर्ट नहीं करता हूं, मुझमें यह कमी है। जो* रहे है ...(**व्यवधान**).. दर्द क्यों होता है,* है तो सामने आ जाएगा, न्यायालय में फैसला होगा।

आपको दर्द क्यों होता है? मुझे अफसोस होता है कि देश के उपप्रधान मंत्री के ऊपर। उन्होंने इस प्रकार का एक स्टेटमेंट देकर जो जांच हो रही थी ....(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): Please dont' try to create any controversy. ...*(Interruptions)*...

श्री मूल चन्द मीणा : जो निष्पक्ष जांच हो रही थी, उसमें बाधा डालने की कोशिश की। ....(**व्यवधान**)...

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री संतोष बागडोदिया : यह कोई अनपार्लियामेंटरी है क्या? **...(व्यवधान)...**

श्री सुरेन्द्र लाठ : अगर इस बिल पर इस तरह चर्चा करनी है तो ठीक है। **....(व्यवधान)....**

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): Moolchandji, please speak on the subject only. Don't try to deviate.

श्री सुरेन्द्र लाठ : आप क्या चर्चा करना चाहते है? **...(व्यवधान)..**

श्री विक्रम वर्मा : महोदय, मूल चन्द जी मूल विषय पर तो है ही नहीं। **...(व्यवधान)...**

श्री बलबीर के. पुंज : सभापति जी, मूल चन्द जी मूल विषय पर तो बिलकुल ही नहीं बोल रहे है। अगर आपने* की बात करनी है तो पिछले चालीस साल की* की बात भी कीजिए, बोफोर्स में जो* हुई है, उसकी बात भी कीजिए। **...(व्यवधान)...**

श्री मूल चन्द मीणा : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं मूल प्रश्न पर ही बोल रहा हूं। **..(व्यवधान)...**

श्री संतोष बागडोदिया : आप बीच में मत बोलिए। **...(व्यवधान)..**

श्री सुरेन्द्र लाठ : आपको बीच में बोलने की छूट है क्या?

श्री संतोष बागडोदिया : सर, उनको बोलना है तो उनको भी चांस दे दीजिए लेकिन बीच में मत बोलने दीजिए।

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा : मान्यवर, मेरा एक प्वांइट ऑफ आर्डर है। मुझे एक मिनट दिया जाए। मान्यवर, जो व्यक्ति इस सदन का सदस्य नहीं है और जो अपनी सफाई नहीं दे सकता, उस पर आरोप लगाना गलत है, असंसदीय है। मेरी आपसे प्रार्थना है कि उतना हिस्सा प्रोसीडिग्जं में से निकाल दिया जाए। **....(व्यवधान)...**

श्री संतोष बागडोदिया : कोई नाम नहीं लिया है। नाम तो इन्होंने लिया ही नहीं।जब नाम नहीं लिया तो असंसदीय क्या है? आपने नाम लिया है बादल जी का। इन्होंने नाम नहीं लिया।

श्री मूल चन्द मीणा : इनको पता है कि गलत काम किया है, इसलिए कहते है ये। मैंने तो किसी का नाम नहीं लिया। **...(व्यवधान)...** मैंने तो अधिकारी बताया था। **...(व्यवधान)..**

प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा : आपने डायरेक्टर का नाम लिया है, डिप्टी डायरेक्टर का नाम लिया है।

---

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री मूल चन्द मीणा : डिप्टी डायरेक्टर तो कितने होते है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): It is an unparliamentary word. The word* is unparliamentary.

श्री संतोष बागडोदिया : हां, जो अनपार्लियामेंटरी है, उसे निकाल दीजिए,कोई बात नहीं।

श्री मुल चन्द मीणा : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था कि जब व्यक्ति की एकांतता भंग होती है तब इससे उसको जो सामाजिक हानि होती है, उस हानि की क्षतिपूर्ति के लिए कोई प्रावधान होना चाहिए। जों अधिकारी और कर्मचारी एकांतता को भंग करता है, वह द्वेष के कारण ऐसा करता है। मामूली आंशिक सूचना के आधार पर यदि कोई किसी को जबरदस्ती तंग करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। तब जाकर किसी आदमी की स्वतंत्रता, एकांतता कायम रह पाएगी नहीं तो जैसा आज-मन मरजी से किया जाता है-यह मुझे सूट करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगा और जो सूट नहीं करता है, उसके खिलाफ आंशिक सूचना पर भी कार्रवाई कर दे उसको बदनाम करने के लिए, उसको बेइज्जत करने के लिए। इससे उसकी स्वतंत्रता और जो सामाजिक न्याय है, वह नहीं मिलता है। ऐसी कार्रवाई को रोकने के लिए विधेयक लाना चाहिए और बनाना चाहिए, यही मैं कहना चाहता हूं।

شری ابوعاصم اعظمی "اترپردیش": آپ سبھا ادھیکش مہودے، جوکانسٹی ٹیوشن امینڈمینٹ بل شری سنتوش باگڈودیا جی کے ذریعے لایا گیا ہے، یہ بہت اچھا بل ہے- بھارت ورش میں سنودھان کی دھارا-21مول ادھیکاروں کا سب سے بڑا دستاویز ہے- سنودھان بنانے والوں نے جان بوجھ کر اس طرح کی دھارا بنائی کہ کسی کی جان اور مال سماج میں کسی بھی ویکتی کے ہاتھ میں نہیں ہو- جب تک وہ قانونی پروسیجرایڈوپٹ نہ کرے، تب تک اس کے خلاف وہ کچھ نہیں کرسکتا- آزادی کی لڑائی کے دوران سبھی پارٹیوں کی میٹنگ کرکے جس میں کانگریس کے لوگ،ہندومہا سبھا کے لوگ، مسلم لیگ کے لوگ بھی موجود تھے، مرحوم موتی لال نہرو کی اگوائی میں کمیشن قائم کیا گیا اوراس کمیشن نے انگریزی سرکار کے سامنے سب سے پہلے یہ تجویز پیش کی کہ جان اور مال کے لئے اسٹیٹ کوادھیکار نہیں جب تک کہ قانونی راستہ نہ اختیار کیا جائے- جنگ آزادی کے دوران جب بھی کبھی قانون میں بدلاؤ کا موقع آیا، اہم لیڈروں نے

*Expunged as ordered by the Chair.
†Transliteration of Urdu Script.

انگریزوں کے سامنے سول لبرٹی،شہری آزادی کا مسئلہ باربار اٹھایا اور اس لئے ہمارے ملک کا ناگریک آزادی کا آئین تیار ہوا- اس آئین پرعوام کے سامنے آزادی کی جنگ کے دور میں جوقول کیا گیا تھا، اسکے مطابق آئین کی دھارا-21کوجوڑا گیا- یہ ہمارے آئین کے بنیادی حق کا سب سے بڑا حصہ ہے جس کے بارے میں سپریم کورٹ نے بھی یہ فیصلہ کیا کہ اس دھارا کوآگے توبڑھایا جاسکتا ہے لیکن پارلیمنٹ بھی اس دھارا کوبدل نہیں سکتی، اس دھارا کوآگے بڑھا سکتی ہے، لوگوں کوحق دلا سکتی ہے- اس دھارا کوبنانے والے لیڈران نے کسی بھی ہندوستانی شہری کواس بات کا حق دیا کہ وہ اپنی جان اورمال کی حفاظت کے لئے سیدھے سپریم کورٹ کا دروازہ کھٹکھٹا سکتا ہے-اس دھارا کی حفاظت کے لئے دنیا میں ایمنیسٹی کمیشن بنایا گیا- ہمارے دیش بھارت ورش میں ہیومن رائٹ کمیشن بنایاگیا-اسکے باوجود بھی ہم شہریوں کی زندگی کی حفاظت نہیں کرپارہے ہیں- میں مانئیے سنتوش جی کواس بات کے لئے مبارک باد دیتا ہوں کہ سرکار اور سنسد کا دھیان کھینچنے کے لئے وہ یہ سنشودھن لائے اور مجھے اس میں کچھ بولنے کا موقع دیا- اس جمہوری راج میں انسان کی زندگی کا کوئی مطلب نہیں رہ گیا ہے- سارے راجیوں میں پولیس کا راج چل رہا ہے- آپ سبھی کویہ بات جان کرحیرانی ہوگی، تعجب ہوگا کہ مہاراشٹر میں ایک نوجوان،جس نے انجینئرنگ میں گریجویٹ کی، اسے بھارت ورش میں نوکری نہیں ملی، وہ ادھر ادھر بہت دوڑا،نوکری کے لئے دبئی چلا گیا- وہاں سے ڈیڑھ سال کے بعد دسمبر،2002میں چھٹی پرآیا کہ آکر بہن کی شادی کرونگا لیکن ممبئی کی پولس آئی اور اس نوجوان کوزبردستی گرفتارکرکے لے گئی- مانئیے جج کے سامنے، وشیش جج کے سامنے اسے پوٹا عدالت میں پیش کیا گیا-3جنوری سے 17جنوری تک اس کا ریمانڈ لیا گیا-اس ریمانڈ کے دوران پولس نے اس نوجوان کواتنی بری طرح سے مارا کہ اس نے منہ سے خون پھینک دیا اور وہ بیچارہ نوجوان مرگیا- جب عدالت نے حکم دیا کہ اس نوجوان کوعدالت میں پیش کیا جائے توان پولس والوں نے ایک ڈرامہ رچا- ڈرامہ رچ کرکورٹ میں آکرکہا کہ چار پولس والے اسے جیپ میں بٹھا کراورنگ آباد انکوائری پرلے جارہے تھے-راستے میں جیپ کا

ایکسیڈنٹ ہوگیا، جیپ پلٹ گئی اوربیچاری چاروں پولس والے،جوبڑے ہٹے کٹے تھے، بے ہوش ہو گئے-ان کی بے ہوشی کا فائدہ اٹھا کرہتھکڑی میں بندھا ہوا ایک نوجوان بھاگ گیا- جب کورٹ میں مقدمہ گیا توجج صاحب کو اس بات کا شک ہوا کہ نہیں، اسکی ہتیا کردی گئی-لیکن اسے آج تک انصاف نہیں مل سکا- اسکی ماں کہتی ہے کہ میں چاہتی ہوں کہ صرف میرے بچے کی لاش مجھے دے دی جائے-میں اسے کفن میں لپیٹ کراپنے سامنے قبرستان میں ڈال دونگی، میری یہی ڈیمانڈ ہے لیکن اسکی کوئی مدد نہیں کررہا ہے- وہ چاروں طرف بھاگ رہی ہے لیکن کوئی اسکی مدد کے لئے نہیں آرہا ہے- مانئیے عدالت نے پولس کی تھیوری پریقین نہیں کیا لیکن آج تک کچھ نہیں ہواہے-میں سرکار سے مانگ کرتا ہوں کہ جیسے ہریجن ات پیٹرن اور مہلا اتیپٹرن کولیکر وشیش قانون بنے ہیں- اسی طرزپر آئین کی اس دھارا-21کی مضبوطی کے لئے پولس کسٹڈی میں ہونے والی موت اورپولس کسٹڈی سے بھاگنے والے جری کے خلاف ان پرمقدمہ چلایا جائے،ہتیا کا مقدمہ چلایا جائے-مہودے،میں تمام لوگوں کا دھیان اس طرف بھی دلانا چاہتا ہوں کہ اترپردیش کی ودھان سبھا میں درود میں سمرتھن دے رہا ہے اس کے اوپر راسکا لگا ہواہے،اور کہیں راسکا کا مقدمہ اٹھایا جارہا ہے- ہمارے مانئیے ملائم سنگھ یادوجی اورامرسنگھ جی کے اوپرایک ہی دن میں 250مقدمے اترپردیش کے سبھی ضلعوں میں لگا دئے گئے- اترپردیش کی سرکار دن رات اسی میں لگی ہوئی ہے کہ کس طرح سے سماج وادی پارٹی کے ورکر، جن کے اوپر کوئی مقدمہ نہیں ہے، فرضی مقدمے بنا کرجیل میں بھیج دیا جائے- یہ توبہت اچھا ہوا کہ مانئیے نیائلے الہ آباد نے فورا مداخلت نہیں کی ہوتی تواس وقت ہمارے تمام مانئیے نیتا جیل میں پڑے ہوتے- ابھی بھی اترپردیش کی سرکار حرکتوں سے بازنہیں آرہی ہے-یہ کوشش لگی ہوئی ہے کہ کیسے بھی ان نیتاؤں کوجیل میں ڈال دیا جائے-تمام ایسے کارئے کرتاؤں،جن کا کوئی گناہ نہیں ہے ان کے خلاف درجنوں مقدمے درج کئے جارہے ہیں-اس ودھیک کے مادھیم سے سرکار سے یہ اپیل کرتا ہوں کہ اترپردیش میں مانو ادھیکار آیوگ کی ایک ٹیم کوبھیجا جائے-اسکی پوری انکوائری کی جائے-قانون کی دھجیاں اڑانے والی سرکار کے قدم کی جانچ کی ایک رپورٹ دیش کے سامنے پیش کی جائے-

دوسرامعاملہ کولکاتہ کا ہے،جوہمارے ایک مانئیے ممبر نے اٹھایا تھا کہ وشواستر کے تسکرافیم کی تسکری میں لپٹ تھے- امریکہ کی خفیہ ایجنسی نے اس معاملے کواٹھایا- اوروہ لوگ جودیش کی رکشا کے لئے رکھے گئے ہیں، ایسے افسرجواس میں لپت ہیں، ان کوگرفتار نہیں کیا گیا، بلکہ دوسرے لوگوں کوگرفتار کیا گیا- آپ دوسرا معاملہ دیکھئے، گجرات میں بیسٹ بیکری کے کیس کے اندر زہرالنسا،کہتی ہے کہ مجھے بی جے پی کے ایم ایل اے نے ڈرایا کہ تم نے اگر گواہی دی توتم کومارديا جائے گا- وہ پورا گجرات چھوڑ کوممبئی میں جا کربیٹھی ہوئی ہے کہ میں ممبئی میں رہ کرگواہی کرسکتی ہوں- میں مانگ کرتا ہوں کو وہ لوگ جوحکومت میں بیٹھ کرقانون کی دھجیاں اڑارہے ہیں، ان کے اوپرمقدمہ چلایا جائے-اس دیش میں چاہے آسمان کی اونچائی پر بیٹھا ہواانسان ہویاسڑک پرکوئی بھیک مانگنے والا انسان ہو، قانون کی نظر میں ان کوایک نگاہ سے دیکھا جائے، یہ میں مانگ کرتاہوں- لیکن آج ہم کیا امید کریں؟1992کے اندر بابری مسجد کوشہید کردیا گیا-شہید کرنے کے بعد حکومت کی سب چیکنگ ہونے کے بعد،سب انکوائری ہونے کے بعد، جولوگ اس کے شٹرینتر میں شامل تھے ان کے اوپرمقدمہ بنایا گیا- لیکن انہوں نے،وہ لوگ جوآج اس حکومت کوسروسرہیں-سب سے بڑی کرسی پربیٹھے ہوئے ہیں،ان لوگوں کے دباؤمیں آکر مقدمہ اٹھالیا- ایک شاعربہت خوب کہا ہے

برباد گلستاں کرنے کوبس ایک ہی الوکافی ہے،

ہرشاخ پہ الو بیٹھا ہے انجام گلستان کیا ہوگا؟

میں آج تمام سے اس بات کا نویدن کرتا ہوں کہ اس دیش کے اندر پولس راج نہیں، بلکہ اس دیش کے اندرپولس راج نہیں، بلکہ اس دیش کے اندر قانون کا راج قائم ہو-سرکار کے اشارے پرجومقدمے کئے جارہے ہیں وہ بند کئے جائیں-اس لئے سنودھان کی دھارا-21جوآئین کی اہم دھارا ہے- اسکی حفاظت کے لئے تمام سانسدوں

کوایک جٹ ہوکر قدم اٹھانا چاہئے، کیونکہ یہ ودھیک انسان کی نجی زندگی کی حفاظت کے لئے ہے-آج سب سے بڑا سنکٹ انسان کے اوپر ہے-سرکار ان سارے حقوق کوسماپت کرنے میں لگی ہوئی ہے- اس لئے یہ ودھیک بہت ہی اچھا ہے، بہت ہی موزوں ہے-میں پھرسے مانئیے باگڈودیا کوبدھائی دیتا ہوں، اوراس میں بار بار اس کا سمرتھن کرتا ہوں- آپ نے مجھے ہاؤس کے اندر بولنے دیا،اس کے لئے بہت بہت دھنیواد-

†**श्री अबू आसिम आजमी** (उत्तर प्रदेश) :उपसभाध्यक्ष महोदय, जो कंस्टीट्यूशन अमेंडमेंट बिल श्री संतोष बागडोदिया जी के जरिए लाया गया है, यह बहुत अच्छा बिल है। भारतवर्ष में संविधान की धारा 21 मूल अधिकारों का सबसे बड़ा दस्तावेज है। संविधान बनाने वालों ने जान-बूझकर इस तरह की धारा बनाई कि किसी की जान और माल समाज में किसी भी व्यक्ति के हाथ में नहीं हो। जब तक वह कानूनी प्रोसीजर ऐडॉप्ट न करे, तब तक उसके खिलाफ वह कुछ नहीं कर सकता। आजादी की लडाई के दौरान सभी दलों की मीटिंग करके जिसमें कांग्रेस के लोग,हिंदू महासभा के लोग, मुस्लिम लीग के लोग भी मौजूद थे, स्वर्गीय मोती लाल नेहरू की अगुवाई में कमीशन कायम किया गया और उस कमीशन ने अंग्रेजी सरकार के सामने सबसे पहले यह तजवीज पेश की कि जान और माल के लिए स्टेट को अधिकार नहीं जब तक कि कानूनी रास्ता न अख्तियार किया जाए। जंगे-आजादी के दौरान जब भी कानून में बदलाव का मौका आया, अहम लीडरों ने अंग्रेजों के सामने सिविल लिबर्टी, शहरी आजादी का मसला बार-बार उठाया और इसलिए हमारे मुल्क का नागरिक आजादी का आईन तैयार हुआ। इस आईन पर अवाम के सामने आजादी की जंग के दौर में जो कौल किया गया था, उसके मुताबिक आईन की धारा 21 को जोड़ गया। यह हमारे आईन के बुनियादी हक का सबसे बड़ा हिस्सा है जिसके बारे में सुप्रीम कोर्ट ने भी

यह फैसला किया कि इस धारा को आगे तो बढाया जा सकता है लेकिन पार्लियामेंट भी इस धारा को बदल नहीं सकती इस धारा को आगे बढ़ा सकती है, लोगों को हक दिला सकती है।

इस धारा को बनाने वाले लीडरान ने किसी भी हिन्दुस्तानी शहरी को इस बात का हक दिया कि वह अपनी जान और माल की हिफाजत के लिए सीधे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है।

*'Expunged as ordered by the Chair.

इस धारा की हिफाजत के लिए दुनिया में एमनेस्टी कमीशन बनाया गया। हमारे देश भारतवर्ष में ह्यूमन राइट कमीशन बनाया गया। इसके बावजूद भी हम शहरियों की जिंदगी की हिफाजत नहीं कर पा रहे है। मैं माननीय संतोष जी को इस बात के लिए मुबारकबाद देता हूं कि सरकार और संसद की ध्यान खीचनें के लिए वे यह संशोधन लाए और मुझे इसमें कुछ बोलनें का मौका दिया। इस जम्हूरी राज मे इंसान की जिदंगी का कोई मतलब नहीं रह गया है। सारे राज्यों में पुलिस का राज चल रहा है। आप सभी को यह बात जानकर हैरानी होगी, ताज्जुब होगा कि महाराष्ट्र में एक नौजवान, जिसने इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन की, उसे भारतवर्ष में नौकरी नहीं मिली, वह इधर-उधर बहुत दौडा, नौकरी के लिए दुबई चला गया। वहां से डेढ़ साल के बाद दिसम्बर,2002 में छुट्टी पर आया कि आकर बहिन की शादी करूंगा लेकिन मुबंई की पुलिस आई और उस नौजवान को जबर्दस्ती गिरफ्तार करके ले गई। माननीय जज के सामने, विशेष जज के सामने उसे पोटा अदालत में पेश किया गया। 3 जनवरी से 17 जनवरी तक उसका रिमाण्ड लिया गया। उस रिमाण्ड के दौरान पुलिस ने उस नौजवान को इतनी बुरी तरह से मारा कि उसने मुंह से खून फैक दिया और वह बेचारा नौजवान मर गया। जब अदालत ने हुक्म दिया कि उस नौजवान को अदालत में पेश किया जाए तो उन पुलिस वालों ने एक ड्रामा रचा। ड्रामा रचकर कोर्ट में आकर कहां कि चार पुलिस वाले इसे जीप में बिठाकर औरंगाबाद इंक्वायरी पर ले जा रहे थे। रास्ते में जीप का एक्सीडेंट हो गया, जीप पलट गई और बेचारे चारों पुलिस वाले, जो बड़े हट्टे-कट्टे थे, बेहोश हो गए। उनकी बेहोशी का फायदा उठाकर हथकड़ी में बंधा हुआ एक नौजवान भाग गया। जब कोर्ट में मुकदमा गया तो जज साहब को इस बात का शक हुआ कि नहीं, इसकी हत्या कर दी गई है। लेकिन उसे आज तक इंसाफ नहीं मिल सका। उसकी मां कहती है कि मैं चाहती हूं कि सिर्फ मेरे बच्चे की लाश मुझे दे दी जाए। मैं इसे कफन में लपेटकर आपने सामने कब्रिस्तान में डाल दूंगी, मेरी यहीं डिमाण्ड है लेकिन उसकी कोई मदद नहीं कर रहा है। वह चारो तरफ भाग रही है लेकिन कोई उसकी मदद के लिए नहीं आ रहा है। माननीय अदालत ने पुलिस की थ्योरी पर यकीन नहीं किया लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि जैसे हरिजन उत्पीड़न और महिला को लेकर विशेष कानून बने है, उसी तर्ज पर आईन की इस धारा 21 की मजबूती के लिए पुलिस कस्टडी में होने वाली मौत और पुलिस कस्टडी से भागने वाले जुर्म के खिलाफ उन पर मुकदमा चलाया जाए, हत्या का मुकदमा चलाया जाए। महोदय,मैं तमाम लोगों का ध्यान इस तरफ भी दिलाना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की विधानसभा मे जो विरोध में समर्थन दे रहा है उसके ऊपर रासुका लगा है और कहीं रासुका का मुकदमा उठाया जा रहा है। हमारे माननीय मुलायम सिंह यादव जी और अमर सिंह जी के ऊपर एक ही दिन में 250 मुकदमें उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में लगा दिए गए। उत्तर प्रदेश की सरकार दिन-रात इसी में लगी हुई है कि किस तरह से समाजवादी पार्टी के वर्कर, जिनके ऊपर कोई

*Expunged as ordered by the Chair.

मुकदमा नही है, फर्जी मुकदमे बनाकर जेल में भेज दिया जाए। यह तो बहुत ही अच्छा हुआ है कि माननीय न्यायालय इलाहबाद के फौरन हस्तक्षेप किया। यदि यह हस्तक्षेप नहीं किया होता तो इस समय हमारे तमाम माननीय नेता जेल में पड़े होते। अभी भी उत्तर प्रदेश की सरकार अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। यह कोशिश लगी हुई है कि कैसे भी इन नेताओं को जेल में डाल दिया जाए। तमाम ऐसे कार्यकर्त्ता, जिनका कोई गुनाह नहीं है उनके खिलाफ दर्जनों मुकदमें दर्ज किए जा रहे है। इस विधेयक के माध्यम से सरकार से यह अपील करता हूं कि उत्तर प्रदेश में मानवाधिकार आयोग की एक टीम को भेजा जाए, इसकी पूरी इंक्वायरी की जाए। कानून की धज्जियां उडाने वाली सरकार के कदम की जांच की एक रिपोर्ट देश के सामने पेश की जाए।

दूसरा मामला कोलकाता का है, जो हमारे एक माननीय मैंम्बर ने उठाया कि विश्व स्तर के तस्कर अफीम की तस्करी में लिप्त थे। अमेरिका की खुफिया एजेंसी ने उस मामले को उठाया। और वे लोग जो देश की रक्षा के लिए रखे गए है, ऐसे अफसर जो उसमें लिप्त है, उनको गिरफ्तार किया गया। आप दूसरा मामले देखिए, गुजरात में बेस्ट बेकरी के केस के अंदर जहरूनिसा कहती है कि मुझे बीजेपी के एमएलए ने डराया कि तुमने अगर गवाही दी तो तुमको मार दिया जाएगा। वह पूरा गुजरात छोडकर मुंबई में जाकर जो हकूमत में बैठ कर कानून की धज्जियां उड। रहे है, उनके ऊपर मुकदमा चलाया जाए। इस देश में चाहे आसमान की ऊंचाई पर बैठा हुआ इंसान हो या संड़क पर कोई भीख मांगने वाला इंसान हो, कानून की नजर में उनको एक निगाह से देखा जाए, यह मैं मांग करता हूं। परन्तु आज हम क्या उम्मीद करें? 1992 के अंदर बाबरी मस्जिद को शहीद कर दिया गया। शहीद करने के बाद हकूमत की सब चैंकिग होने के बाद, सब इन्क्वायरी होने के बाद, जो लोग उसके षडयंत्र में शामिल थे उनके ऊपर मुकदमा बनाया गया। परन्तु इन्होंने, वे लोग जो आज इस हकूमत के सर्वे-सर्वा है, सब से बड़ी कुर्सी पर बैठे हुए है, इन लोगों के दवाब में आ करके मुकदमा उठा लिया। एक शायर ने बहुत खूब कहा है.

बर्बाद ए गुलिस्तां करने को बस एक ही उल्लू काफी है,
हर शाख पैं उल्लू बैठा है अंजाम-ए-गुलिस्तां क्या होगा?

मैं आज तमाम साथियों से इस बात का निवेदन करता हूं कि इस देश के अंदर पुलिस राज नहीं, बल्कि इस देश के अंदर कानून का राज कायम हो। सरकार के इशारे पर जो मुकदमे किए जा रहे है वे बंद किए जाएं। इसलिए संविधान की धारा 21 जो आईन की अहम धारा है इसकी हिफाजत के लिए तमाम सांसदों को एकजुट कदम उठाना चाहिए, क्योंकि यह विधेयक इंसान की निजी जिन्दगी की हिफाजत के लिए है। आज सब से बड़ा संकट इंसान के ऊपर है। सरकार इन सारे हकूक को समाप्त करने में लगी हुई है। इसलिए यह विधेयक बहुत ही अच्छा है, बहुत ही मौजू है।

मैं फिर से माननीय संतोष बागडोदिया जी को बधाई देता हूं और बार-बार इसका समर्थन करता हूं। आपने मुझे हाउस के अंदर बोलने दिया,इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

डा. कुमकुम राय (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय,हमारे वरिष्ठ सहयोगी श्री संतोष बागडोदिया द्वारा लाया गया यह संविधान (संशोधन) विधेयक,1999, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 21 में और उसको अन्तः स्थापित करने का जो सुझाव दिया गया है, मैं उसके समर्थन में खड़ी हूं। महोदय, आज अगर यह गैर सरकारी विधेयक इस सदन में लाया गया है तो इसके पीछे के कारण साफ है। हिन्दुस्तान जैसे गणराज्य में आज की हकीकत यह है कि विभिन्न राज्यों में/विभिन्न पार्टियों की सरकार है। अनेक क्षेत्रीय पार्टिया बड़ी मजबूती से विभिन्न राज्यों की सरकारों चला रही है। पूरे हिन्दुस्तान में अब किसी एक राष्ट्रीय पार्टी का एकछत्र अधिकार नहीं रह गया है। अब यह देखा जा रहा है कि राजनीतिक लाभ और हानि के लिए, राग और द्वेष के लिए, हम संवैधानिक अधिकारों से युक्त उन संस्थानों का अति दुरूपयोग करने लगे है। संविधान में दी गई स्पष्ट मान्यताओं पर भी कुठाराघात करने लगे है और हर कोने से ऐसे अनेक प्रमाण अब तक इकट्टे किए जा सके है जिसके तहत यह प्रमाणित हो चुका है कि इन सवैंधानिक संस्थाओं को हम किस प्रकार राजनैतिक हस्तक्षेप के माध्यम से उनके दिए हुए संवैधानिक अधिकारों पर कुठाराघात करके इस एक अरब 10 करोड़ की आबादी वाले मुल्क में नागरिक की स्वतंत्रता का जो अधिकार है, जो वैयक्तिक आजादी का जो अधिकार है, उस पर भी बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहे है। हमारे पूर्व वक्ताओं ने मीणा साहब ने, आजमी साहब ने कई उदाहरण दिए है, जिसमें स्पष्ट है कि विभिन्न दल के वरिष्ठ नेताओं का चरित्रहनन हमने अपनी राजनीतिक मंशाओं को पुष्ट करने के लिए किया है। कई बार ऐसा होता है कि इस प्रकार के मनगढंत आरोपो को लगा करके उन पर मुकदमे कायम कर दिए जाते है और कायम करने के बाद इस प्रकार के सवैधानिक अधिकारों से युक्त उन संस्थाओं को सौप भी दिए जाते है,लेकिन जहां, जिस सरकार है, वहां उस की तूती बोलती है और उस से सम्बद्व अधिकारी अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए उन के हिसाब से कार्य करना शुरू कर देते है। महोदय, मैं आप के सामने और समस्त सदन के सम्मुख इस गंभीर प्रश्न को रखना चाहती हूं कि यह जरूरी नहीं है कि जो काग्र आज उस थर्ड व्यक्ति के लिए कर रहे है वही कार्य आप के लिए नहीं होगा या वहीं व्यक्ति वहीं कार्य आप के लिए नहीं करेगा। इसलिए अगर संविधान के अनुच्छेद 21 में, जिस में हमारी व्यक्तिगत आजादी के अधिकार को सुनिश्चित किया जाय, अगर इस पर सदन विचार करे और सरकार भी विचार करे और हमारी व्यक्तिगत आजादी व निजता को सुरक्षित किया जाए तो हम सब के लिए इस प्रजातांत्रिक देश में बहुत ही अच्छा होगा। महोदय, मैं आप को याद दिलाना चाहती हूं कि जब भी इस प्रकार के मुकदमे कायम होते है तो बिना पुख्ता सबूत के, बिना तमाम कागजात के, बड़ी ही भ्रामक सूचनाओं के आधार पर भी इस प्रकार की कार्यवाही की जाती है और अचानक पता चलता है कि फलां आदमी के घर में छापा

डालने के लिए एक टीम पहुंच गयी। फिर उस व्यक्ति के घर में क्या होता है? ये अधिकारी उस घर की महिलाएं, बेटियां, बहुएं अपने शयन कक्ष में किस अवस्था मे है, बीमार है, इस सब का ध्यान नहीं रखते है। वे उन्हें व्यवस्थित होने का मौका भी नही देते और धडाधड़ उन महिलाओं के शयन कक्ष में भी घुस जाते है। महोदय, ऐसे अनेक उदाहरण है। भले ही उस छापे के बाद वहां उन्हें केस मजबूत करने के लिए पुख्ता सबूत न मिलें वहां से निकलकर तुरंत मीडिया के सामने, पत्रकार सम्मेलन करके या इलेक्ट्रॉनिक प्रेस मीडिया को बुलाकर वाह-वाही लूटना शुरू कर देते है। वे अपने राजनीतिक आका को खुश करने के लिए जोर-शोर से कहते है कि फलां आदमी के यहां इतने घंटे ऐसे-ऐसे छापा पड़ा। उन्हें मिला कुछ भी नहीं और उस के बाद न्यायिक प्रक्रिया में भलें ही सबूत न हो, लेकिन उस व्यक्ति की प्रतिष्ठा पर जो कंलक, जो ग्रहण लग जाता है, उस के चरित्र में जो दाग लग जाता है, उस को इतिहास के अगले पन्ने भी नहीं धो पाते है। उस के संपूर्ण कैरियर पर एक बड़ा दाग लग जाता है। चाहे वे नितांत ही साधारण आदमी क्यों न हो, लेकिन उस के संपूर्ण कैरियर में एक बहुत बड़ा कंलक लग जाता है जिस की भरपाई करने का कोई दूसरा उपाय इस मुल्क में किसी में नहीं है।

महोदय,मैं आप को याद दिलाना चाहती हूं कि चारा घोटले के नाम पर राष्ट्रीय जनता दल के हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद, पूर्व मुख्य मंत्री आदरणीय लालू प्रसाद यादव ने स्वयं जिस घोटाले का पर्दाफाश किया, अभियुक्तों के खिलाफ 48 एफ.आई.आर. दर्ज किए, लेकिन राजनीतिक विद्वेष के चलते उन को उसी केस में शामिल कर के गिरफ्तार करने की साजिश की गयी। महोदय, इतना ही नहीं लालू जी ने यह संदेश दे दिया था,कि मैं कल आत्म समर्पण करने जा रहा हूं लेकिन उनमें इतना धैर्य नहीं था, उन राजनीतिक आकाओं को इतना धैर्य नहीं था कि वह अगली सुबह का इंतजार करते। इस सब के लिए सेना को बुलाने की व्यवस्था की गयी और उन के निवास को सेना से घेरने की व्यवस्था की गयी जिस से ट्रावमा और चारों तरफ हाहाकार की स्थिति निर्मित हो गयी। उन के घर में अधिकारी छापा डालने पहुंचे तो उन के घर की महिलाओं के कमरों को भी नहीं बख्शा गया। महोदय, मैं आप को बतलाना चाहती हूं कि एक व्यक्ति के लिए आस्था और भक्ति एक निजी मामला है। उस के घर में जो मंदिर होता है और वह उस में अपने इष्ट देवाताओं की मूर्तिया रखता है। अब कोई चांदी की मूर्तिया रखता है,कोई पीतल की मूर्तियां अपने-अपने इष्ट देवताओं की रखते है। उनकी भक्ति का उपहास नही उड़ा क्या?उनकी निजता में इससे खलल नहीं पहुंचा? इतना ही नहीं एक मुख्य मंत्री के आवास में इस प्रकार से छापा पडना और कुछ न मिलना, यही पर पूर्णविराम नहीं लगा बल्कि उनके जो रिश्तेदार थे, उनके घरो में यह टीम पहुच गई-दूर के रिश्तेदार, उनके ससुराल के तमाम साले और सलहज, उनके घरों में भी यही काम किया गया। उनके घरों में भी बेड शीट को हटा-हटा कर के, उनके घरों की औरतो को हटाकर, उनके बिस्तरों की चद्दरो को हटा-हटा कर झाडा गया और बिस्तरों को खोल-खोल कर

देखा गया। गडिडयां तो मिली थी जिनके यहां, जिनके घरों मे बोरो में भरकर नोट मिले थे, उन पर भी भले ही आप कोई मुकदमा न चला पाए होंगे, उनको दंड नहीं दे पाए होंगे, लेकिन चद्दर झाड़ने के बाद भी, उस बेडरूम से औंरतों को हटाने के बाद भी और बैडरूम के बिस्तर को खंगालने के बाद भी, उस बेडरूम से औरतों को हटाने के बाद भी और बैडरूम के बिसतर को खंगालने के बाद भी जहां कुछ नहीं मिला, वहां इस तरह से आपने उनका उपहास उड़ाया, उनकी खिल्ली उड़ायी और इतना ही नहीं, वह एक व्यक्ति की खिल्ली नहीं, सबकी गरिमा का आपने उपहास उडाया था। एक मुख्य मंत्री और एक मुख्य मंत्री की पत्नी और उनकी जवान बेटियां जहां घर में है, शयन कक्ष में है, वहां अचानक इस प्रकार का छापा डालना और वहां से कुछ न मिलना, यह क्या साबित करता है? आज तक उनके किसी भी रिश्तेदार के यहां से कोई ऐसा सबूत, कोई ऐसी बरामदगी नहीं हो सकी जिसके कि आप अपने द्वारा राजनीतिक आकाओं के इशारे पर किए गए इस मुकदमे को पुख्ता कर सकें और सबूत पेश कर सकें। इसलिए मैं आपके माध्यम से इस सदन का और सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूं कि इस प्रजातांत्रिक देश में इससे क्या संदेश जा रहा है। एक तरफ तो आप देखते है कि एक बहुत ही महत्वपूर्ण संस्था के एक बहुत ही महत्वपूर्ण पदाधिकारी के घर में, जिसने देशद्रोह और गद्दारी के बराबर अपराध किया, विदेशी मुल्क के पांच अपराधी जहां पकडे गए, अमेरिका की इंटरपोल के माध्यम से जहां छापा पड़ा और सबूत मिल गए, चीजों की बरामदगी हो गई, ड्रग्स मिल गए आपको, लेकिन वहां पर आपने कोई कार्रवाई नहीं की और उन सारी सूचनाओं को भी सारे देश के लोगों के सामने नहीं लाया गया। सिर्फ पश्चिमी बंगाल के कुछ अखबारों में, बंगला भाषा के कुछ अखबारों में छपा और देश के दूसरे अखबारो में थोड़ा सा समाचार छपा और उसे सरकारी गवाह बनाकर फिर पुरस्कृत किया गया,लेकिन दूसरी तरफ लोगों की प्रतिष्ठा को आपने नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया है इसलिए ऐसे छापों के समय कम से कम एक घंटे का समय जरूर देना चाहिए ताकि घर की जो बहू-बेटियां है, महिलाएं है वे ढंग से सुसज्जित तो हो सकें, ढंग से तैयार तो हो सकें।

दूसरी बात, छापा डालने के तुरंत बाद इलेक्ट्रानिक मीडिया और प्रैस मीडिया के पास पहुंच जाना, भले ही वे सबूत उन पर लगाए गए आरोप को पुष्ट करें या न करें, लेकिन पहले ही अखबार में जाकर प्रैंस और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करना, उन पर इस प्रकार का कलंक लगा देना, यह बड़ा ही गंभीर अपराध है।निजता और अपनी निजी जिंदगी को सुरक्षित रखने का अधिकार देश के बड़े नेताओं को ही नही बल्कि सामान्य नागरिक को भी है। इसलिए जहां भी इस प्रकार के छापे पड़े या जहां भी इस प्रकार की संस्थाओं के अधिकारी जाएं तो कम से कम यह तो कानून बनना ही चाहिए कि जब तक वे आरोप किसी पर साबित न हो जाएं तब तक आप प्रैस में न जाएं, तब तक आप इलैक्ट्रानिक मीडिया में न जाएं और इस प्रकार व्यक्तिगत रूप से जहां भी आप जा रहे है वहां कम से कम महिलाओं की आजादी और महिलाओं की निजता का ख्याल रखते हुए कम से कम एक घंटे का उन्हे मौका अवश्य मिलना

चाहिए और इस प्रकार यदि सरकार सावधानी बरतेगी तो आने वाले भविष्य में सभी पार्टियों के लोगों को सुविधा होगी। मैं एक बात और याद दिलाना चाहती हूं कि यह सिर्फ मेरी पार्टी और मेरे ही मुख्य मंत्री की बात नहीं है, जयललिता जी, जो तमिलनाडु की मुख्य मंत्री थी, उनके साथ भी ऐसा ही हुआ था। उनकी भी कई साडियों को इलेक्ट्रानिक मीडिया और प्रैस में दिखाया गया था, उनकी चप्पलों और सैडलों की नुमाइश की गई थी। यह सब क्या है? इसलिए इस प्रकार के छापे के पश्चात तुरंत प्रैस में दौड जाना और तुरंत वाहवाही ले लेना, अपने राजनीतिक आकाओं को खुश कर देना, यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आतंक है और इसे खत्म करने के लिए श्री संतोष बागडोदिया जी ने यह जो निजी विधेयक लाने का किया है, मैं इसका तहेदिल से समर्थन करती हूं और कहना चाहती हूं कि संविधान के अनुच्छेद 21 को अगर विस्तारित करके हमारे तमाम नागरिकों की स्वतंत्रता के अधिकार को और भी सुरक्षित करने का यदि पुख्ता इंतजाम किया जाए तो यह स्वागत योग्य होगा। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A. K. PATEL): Is there any other member desiring to speak?

Some Hon. Members: No.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A. K. PATEL): Now, the hon. Minister to reply.

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरिन पाठक): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं विशेष करके माननीय संतोष जी का अंतः करण से आभारी हूं कि ऐसे विषय को लेकर के उन्होने एक प्राइवेट मेंबर बिल सदन के समाने रखा है। जो विषय हम सब के साथ चाहे हम संसद सदस्य हों या जनप्रतिनिधि हों या एक आम नागरिक हों उसके स्वाभिमान के साथ जुड जाता है, हमारे सामने प्रश्नचिन्ह खड़ा कर देता है कि क्या हम किसी प्रजातंत्र देश में रहते है या जहां प्रजातंत्र नहीं है वैसे देश में रहते हें तो हमारे अस्तित्व और हमारे स्वाभिमान से जुडा हुआ जो प्रश्न है उस विषय को लेकर आपने संविधान संशोधन के जरिए इस सदन में बिल रखा है। इसके साथ साथ मैं उन सभी अपने गणमान्य सदस्यों का भी आभारी हूं कि जिन्होने पिछले सेशन के दौरान और आज भी मैने देखा है कि काफी सदस्य उत्सुक थे बोलने के लिए इस पर बोले भी। माननीय सदस्या श्रीमती सरला माहेश्वरी जी ने अपने विचार रखे, प्रभाकर रेड्डी जी ने भी अपने विचार रखे, हमारे सब के आदरणीय श्री बालकवि बैरागी जी ने रामायण का उदाहरण देकर इस विषय को साथ लगाने की कोशिश की। आदरणीय रंगनाथ मिश्र और श्री.बी.पी. सिंहल ने भी व्यक्तिग एकांतता के अधिकार को बनाए रखने के मुद्दे पर बल दिया। मेरे मित्र प्रो, सोज साहब ने भी इस पर अपनी कुछ टिप्पणियां की, डी.पी. यादव जी ने भी अपने मन की व्यथा को भी सदन के सामने रखा। हमारी बहन श्रीमती गुरचरण कौर और

अभी हमारी बहन कुमकुम जी ने भी, आजमी जी ने मूल चन्द मीणा जी ने तथा अन्य सभी सदस्यों ने इसके अलग-अलग पहलुओं पर विचार रखे, चिंता व्यक्ति की है, कुछ सुझाव दिए है।

श्रीमन, मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहता लेकिन मैं इतना निवेदन जरूर करूंगा कि जैसा मैंने शुरूआत में कहा कि यह हमारे सब की व्यक्तिगत एकांता के अधिकार के स्वाभिमान का प्रश्न है। मुझे लगाता है कि यह चिंता आज से नहीं जब से हमारा संविधान बना है तब से हमारा संविधान बनाने वाले महापुरूषों ने इस पर बिल्कुल लम्बे अरसे तक चर्चा करके क्योंकि यह बात सिर्फ वर्तमान लोकशाही के ढांचे की नही है, प्रजांतत्र के ढांचे की नही है, जब बालकवि बैरागी जी और अभी मीणा जी भी रामायण की कुछ बातें कर रहे थे तथा उन्होंने बताया कि रामचन्द्र जी और सीता माता एकांत में बैठते थे तो लक्ष्मण जी की हिम्मत नहीं होती थी कि वे वहां से गुजरे। मैं मानता हूं मैं तो उससे आगे जाकर कहना चाहूंगा कि व्यक्तिगत एकांतता की स्वतंत्रता हमारी पहचान है, हमारे संविधान के रचयिता ने उसको रखा है। साथ ही मैं यह भी कहूंगा कि उसी भगवान रामचन्द्र जी को हम मर्यादा पुरूषोत्तम भी कहते है। हमारे देश की अपनी एक अलग पहचान है जिसमें व्यक्तिगत एकांतता का वह अर्थ न निकले कि जिस अर्थ में जो बाकी के देशों में जिसका अर्थ निकल जाता है। आज कई बार जो परिस्थिति हम देखते है चाहे टी.वी. चैनल पर हो या फिर घूमने निकलते हों तब, तो ऐसी स्थिति न बने वह भी हमें सोचना चाहिए। फिर भी मैं सभी माननीय सदस्यों को इतना जरूर कहना चाहूंगा कि सरकार आपकी चिंता से अवगत है और नागरिक के व्यक्तिगत एकांतता के अधिकार को बनाए रखने के लिए कटिबद्व है, प्रतिबद्व है। यहां कुछ ऐसे प्रश्न भी है सामने रखे गए कि यह जो हमारी व्यक्तिगत एकांतता के साथ जो सीधा सम्पर्क कभी जुड जाता है। या उसका उल्लंघन होता है। वह तभी होता है जब कहीं न कहीं कानून उससे जुड जाता है। मुझे ऐसा लगता है और आप सब मुझसे सहमत होंगे कि आम आदमी के साथ जो हमारी विभिन्न जांच एजेंसियां है, छापा मारने वाली हों या तलाश करने वाली हों, जब तक कहीं न कहीं किसी न किसी का सही-गलत तार नहीं जुडा हों, तब तक उनके साथ उन एजेंसियों का सीधा संपर्क नहीं बन पाता। वह संपर्क तभी बन पाता है जब कहीं न कहीं किसी का कोई तार जुडता है। मगर फिर भी मैं मानता हूं और मेरा एक व्यक्तिगत और एक मंत्री के नामे भी मत है, जैसा अभी आदरणीय डा. कुमकुम जी ने बताया, बाकी सदस्यों ने भी बताया कि किसी भी प्रकार की रेड हो, छापा हो,किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करना हो, उसकी जांच पड़ताल करनी हो, उसकी जाचं पड़ताल करनी हो, उसमे हमें शिष्टता बरतनी चाहिए। उसके स्वाभिमान को ठेस न पहुंचे। कानून का यह तकाजा है, कानून का यह मजबूत विचार है, तत्व है कि जब तक आदमी अदालत में गुनहगार साबित नहीं होता, तब तक उसको गुनहगार नही माना जाता। इसलिए आपने जो सारे मुद्वे यहां पर रखे है, उनकी भूमिका मैं इसलिए महत्वपूर्ण मानता हूं क्योंकि पहले से ही हम तय न कर लें कि यह आदमी गुनाहगार है। महोदय, कुछ 20-25 साल पहले की बात है, कई सालों से मैं भी राजनीति में हूं।

आप सबसे तो मैं छोटा हूं। आपमें से कई उम्र में भी मुझसे ज्यादा है और राजनीति के तजुर्बे भी आपके पास ज्यादा है। कुछ ऐसी परिस्थितियां आज से 20-25 साल पहले थी।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. A.K. PATEL): You have started very early in politics.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Sir, he has held several important assignments.

श्री हरिन पाठक : उपसभाध्यक्ष महोदय को मालूम है कि मैं 16 साल की उम्र से पता नही कैसे,इस पब्लिक लाइफ में आ गया। कुछ परिस्थिति पहले थी। मैं आपकी चिंता से सहमत हूं। मैं तो भुक्तभोगी हूं, मगर मैं आज यह कहना नहीं चाहता। एक शिक्षक के नाते मैने अपने जीवन के 35 साल के काल में न कभी विघार्थियों को डांटा है, न कभी 35 साल, 40 साल के अपने व्यक्तिगत जीवन मे सरकार के या म्यूनिसिपेलिटी के या ट्रेफिक के किसी नियम का उल्लंघन किया है। फिर भी कहीं न कहीं, जैसा आपने कहा, उसका मैं भुक्तभोगी हूं और मेरा यह मानना है कि आज से 25 साल पहले जो परिस्थिति थी, उस में काफी बदलाव आया है। सरकार के हमारे विभिन्न मंत्रालयों से जो एजेंसीज थी, उस में काफी बदलाव आया है। सरकार के हमारे विभिन्न मंत्रालयों से जो जांच एजेंसीज है, उन्हें बार-बार निर्देश दिये जाते है कि व्यक्ति की एकांतता, उसका स्वाभिमान, उसके मूलभूत अधिकार उनकी रक्षा करके फिर कानून के अंतर्गत जो भी कार्यवाही करनी है, उस हिसाब से वे कार्यवाही करें। इसलिए मैं इस बात से भी सहमत हूं कि जो सरकार की जांच एजेंसीज है, उन्हें भी अपने नियम के अनुसार, अपनी मर्यादाओं के अनुसार , कानून में, संविधान ने उन्हें जो अधिकार दिये है उन अधिकारों के अनुरूप अपना कार्य करना चाहिए। कुछ बातें प्रेस के बारे में भी कहीं गयी थी औंर कही जाती है। भारतीय प्रेस परिषद ने भी अपनी पत्रकारिता के आचरण के मानदंडो में यह निर्धारित किया है कि "प्रेस किसी व्यक्ति की गोपनीयता में हस्तक्षेप या आक्रामक रूप तब तक नहीं अपनाएगी जब तक कि ऐसा करना सार्वजानिक हित में आवश्यकता न हों" उनसे इसी मार्गदर्शी सिद्वान्त को पुनःदोहराने का भी अनुरोध किया जाएगा। जैसा मैंने कहा, मैं कोई बहुत लम्बी बातें नहीं करना चाहता हूं किन्तु अश्विनी कुमार जी यहां नहीं है, उन्होने एक टेप के बारे में बात कहीं थी, उच्चतम न्यायालय से जिसके बारे में फैसला भी आया था, उसका मैं यहां जरूर जिक्र करना चाहूंगा कि फोन टेप करने के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पीपल्स यूनियन फार सिविल लिबर्टीज बनाम भारत संघ तथा अन्य,18 दिसम्बर 1996 के वाद में दिए गए निर्देश के अनुरूप केन्द्र सरकार ने टेलीफोन टेप करने से संबंधित प्रक्रियात्मक रक्षोपाय निर्धारित करने के लिए भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम-1885 की धारा सात के अधीन आवश्यक नियम बनाए है। नियमों के अनुसार यदि भारत की सम्प्रभुता और अखडंता, राष्ट्र की सुरक्षा, दूसरे राष्ट्रों से मित्रतापूर्ण संबंध और लोक व्यवस्था को बनाए रखने तथा किसी अपराध को करने के लिए उत्प्रेरित करने से रोकने के लिए जरूरी हो। जो फैसला आया

था उसमें कहा गया था-"जरूरी हो तो भारत सरकार के मामले में केंन्द्रीय गृह संचिव तथा राज्य सरकार के मामले में गृह सचिव भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम,1885 की धारा 5(2) के अधीन किसी संदेश या संदेश की श्रेणी के अवरोध के लिए निर्देश देने का आदेश जारी करने के लिए अधिकृत है। "यह तभी कर सकते है जब देश की सम्प्रभुता के लिए कोई सवाल खड़ा होता है।

श्रीमान इस पूरे विधेयक के बारे में अगर मैं कहूं तो यदि हम अपने संविधान की धारा 21 को देखें, यह बड़ी व्यापक धारा है —"प्रोटेक्शन आफ लाइफ एंड पर्सनल लिबर्टी"

"No person shall be deprived of his life or personal liberty except according to procedure established by law."

यही बात उन्होंने इसमें रखी है। हमारे संविधान की धारा 21 इतनी व्यापक है। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आपकी अनुमति से सभी माननीय सदसयों के सामने मैं यह बात भी रखना चाहूंगा कि हमारे उच्चतम न्यायालय में कुछ फैसले ऐसे आए और वहां पर जो निर्णय लिए गए, जो वर्डिक्ट आए है, उनमें से दो का जिक्र मैं करना चाहूंगा जिनमें उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आप जो 21 "क" जोड़ना चाहते हों, व्यक्तिगत एकांतता की स्वतंत्रता का अधिकार, वह संविधान की धारा 21 में सम्मिलित है और वह उसमें आ ही जाती है। ये सुप्रीम कोर्ट की जजमैट्स है। मैं सिर्फ एक-दो जजमेंटॅस आपके सामने रखना चाहूंगा। एक है People's Union for Civil Liberties vs. Union of India, कुलदीप सिंह जी का जजमेंट है।

"Article 21 of the Constitution, has, therefore, been interpreted by all the seven learned Judges in Kharak Singh's case, majority and the minority opinions to include, that right to privacy, "which the hon. Member wants to be included as 21 (c) "is a part of the right to protection of life and personal liberty."

आगे भी कहा है एक जगह पर कि

"We have, therefore, no hesitation in holding that right to privacy is a part of right to life and personal liberty enshrined under article 21 of the Constitution."

तो मैं चाहता हूं कि हमारे संविधान की जो व्यापक धारा 21 है, उसमें ये सारी बातें निहित है और उसी में आ जाती है। मैं यह भी जरूर कहना चाहूंगा। जैसा मैने पहले कहा कि हरेक व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत एकांतता की स्वाधीनता को बरकरार रखे। जो भी सरकारी एजेंसियां है, जहां उसे उचित लगता है कि उसमें अगर वह कोई कानूनी कार्रवाई करना चाहे तो उसमें शिष्टता बरती जाए,महिलाओं के मामले में विशेष शिष्टता बरती जाए। सभी व्यक्तियों और जो भी गणमान्य व्यक्ति है,

